53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 21.6° c
अधिकतम 30.9 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:16, सूर्यास्त - 5:56 | वर्ष : 53/अंक : 278 बुधवार, 08 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

शांति की इच्छा हो तो पहले इच्छा को शान्त करो।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

सपा 'अराजकतावादी पार्टी' उसके रिश्ते 'आतंकवादियों' से हैं : आचार्य कृष्णम



संत का सच से गहरा रिश्ता... संत असत्य नहीं कहते......

जय माता दी जय माता दी

## आ गये त्यौहार, बुलेटिन है तैयार
## 82,000 परिवारों तक
## करेंगे आपका प्रचार।

बस आप कीजिए शानदार
सस्ते सामान
उपलब्ध कराने का वादा
फिर देखना कैसे नहीं
चलता त्योहारों पर व्यापार
और ज्यादा

सम्पर्क सूत्र-
M:. 8077929606, 9837042840

Talented Ritu Insan
BOUTIQUE N D SALON

## अब बारी आपकी है
## हुनर को पहचान देने की !



सिलाई और फैशन डिजाइनिंग की क्लासेज अब आपके शहर मुजफ्फरनगर में...

- 100% प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
- Beginners से Advanced तक हर स्तर की क्लास कम समय में स्किल्स सीखने का मौका
- Self- Employment या Job दोनों के लिए तैयार

Admission Open

क्लासेज़ शुरू होंगीः-
1 अक्टूबर | 17 नवम्बर | 1 जनवरी
प्रवेश जारी हैं

Contact: 8607022754, 7428321321

786, साउथ सिविल लाइन, नजदीक महावीर चौक, सरकुलर रोड, एचपी पैट्रोल पम्प के पास, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश- 251001



iti Industrial Training Institute | TATA TECHNOLOGIES



CIIIT CENTER FOR INVENTION INNOVATION INCUBATION & TRAINING

Tata Technologies Ltd. द्वारा रूपये 226 करोड़ की लागत से निर्मित किए जाने वाले
सेंटर ऑफ इन्वेंशन इनोवेशन इनक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग (CIIIT)
का

## शिलान्यास

मुख्य अतिथि



## श्री कपिल देव अग्रवाल
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन

विशिष्ट अतिथि

### डॉ हरिओम, आई.ए.एस.
प्रमुख सचिव
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन

सुशील कुमार, ग्लोबल हेड/उपाध्यक्ष, Tata Technologies Ltd., पुणे | श्री रजनीकांत उपाध्याय, इण्डिया हेड स्किल डवलपमेंट, Tata Technologies Ltd., पुणे

श्री उमेश मिश्रा, आई.ए.एस., जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर | श्री अभिषेक सिंह, आई.ए.एस., निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0 | श्री अटल कुमार राय, आई.ए.एस., मण्डलायुक्त, सहारनपुर मण्डल

दिनांक– 08 अक्टूबर, 2025 | समय– पूर्वान्ह 10:00 बजे
स्थान– शारदेन स्कूल, कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन | UPSDMOfficial | upsdmofficial | www.upsdm.gov.in

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 278 बुधवार, 08 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



## सुरेंद्र सिंह बने सीएम के सचिव, 2005 बैच यूपी कैडर के आईएएस हैं, दिल्ली उप राज्यपाल के भी रह चुके सचिव



**लखनऊ, 07 अक्तूबर (एजेंसी)।** आईएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। वे वर्ष 2005 बैच के यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। तीन साल दिल्ली के उप राज्यपाल के सचिव रहने के बाद उन्होंने 6 अक्टूबर को ही यूपी में पुनः ज्वाइनिंग दी थी। सुरेंद्र सिंह इससे पहले मुख्यमंत्री के विशेष सचिव भी रह चुके हैं। मेरठ के कमिश्नर और ग्रेटर नोएडा के सीईओ की अहम जिम्मेदारी भी उनके पास रही है। उनकी पहचान शीघ्र रिजल्ट देने वाले अधिकारी की है। यही वजह है कि उन्हें प्रतिनियुक्ति से लौटते ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। जानकारी के अनुसार, आईएएस सुरेंद्र सिंह भदोही, बलरामपुर, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, उन्नाव, बरेली, कानपुर नगर, वाराणसी आदि जिलों में डीएम के पद पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनकी पहचान शीघ्र रिजल्ट देने वाले अधिकारी की है। यही वजह है कि उन्हें प्रतिनियुक्ति से लौटते ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मथुरा में जन्मे आईएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह की गिनती तेज तर्रार आईएएस अफसरों में होती है। प्रशासन में अपनी ईमानदारी और कार्यक्षमता के लिए फेमस सुरेंद्र सिंह ने न केवल यूपी में बल्कि दिल्ली में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। अब वह लखनऊ में मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में नई जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।

# समाजवादी पार्टी अराजक, इनके रिश्ते पहले से ही आतंकवादियों से : प्रमोद कृष्णन

## मुजफ्फरनगर पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णन का बड़ा बयान ▶▶ समाजवादी पार्टी अराजकता वाली पार्टी, इसके रिश्ते आतंकवादियों से





**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** मंगलवार दोपहर कलकी धाम के संस्थापक आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान पत्रकार वार्ता में उन्होंने कई अहम मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 में संभल जिले में श्री कल्कि धाम का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए भगवान के अवतार से पहले उनके धाम का प्रचार करने देशभर में निकले है। श्री कल्कि पीठ के पीठाधीश्वर धर्मगुरू आचार्य प्रमोद कृष्णम मंगलवार को मुजफ्फरनगर पहुंचे और यूपी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर मुलाकात कर श्री कल्कि धाम निर्माण अभियान को लेकर चर्चा की।

यूपी सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने गांधीनगर स्थित आवास पर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का सपरिवार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री कपिल देव ने बताया कि आचार्य प्रमोद संभल में श्री कल्कि धाम का निर्माण करा रहे हैं। 19 फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया था। 22 सितम्बर 2022 को आधारशिला रखने के लिए धाम पर शिला पूजन समारोह हुआ, जिसमें उनको शामिल होने का सौभाग्य मिला। अब आचार्य भारत वर्ष में इस धाम का प्रचार करने के लिए निकले हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया का सवालों के जवाब देते हुए विपक्ष के नेताओं, राहुल गांधी, मायावती, और ममता बनर्जी पर जमकर भड़ास निकाली, जबकि उन्माद फैलाने वाले लोगों को भी नसीहत दी।

### राहुल गांधी पूरे विपक्ष का कर देंगे सत्यानाश

**मुजफ्फरनगर।** राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'राहुल गांधी ने जितना कांग्रेस का बेड़ा गर्क किया है, आने वाले समय में वे पूरे विपक्ष का सत्यानाश कर देंगे।'

### मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने का लिया पक्ष

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के इतिहास का उल्लेख करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कहा, 'मुजफ्फरनगर एक ऐतिहासिक शहर है। यदि इसके नाम को बदलकर लक्ष्मी नगर कर दिया जाए तो इसमें कोई बुराई नहीं है।'

### गौहत्या पर बने राष्ट्रीय कानून

**मुजफ्फरनगर।** गौहत्या पर आचार्य ने पूरे देश में प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 'गाय सनातन धर्म की आत्मा है, इसलिए गौहत्या पर राष्ट्रीय कानून बनना चाहिए।' साथ ही उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून और समान नागरिक संहिता (कॉमन सिविल कोड) लागू करने की भी अपील की है।

### सपा और कांग्रेस देश को नेपाल बनाना चाहते हैं

मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी की जो सही व्याख्या है वह तो कुमारी बहन मायावती ने की थी और समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी यह इस देश को नेपाल बनाना चाहते हैं। कभी-कभी इस देश को बांग्लादेश बनाने की बात करते हैं।

### 'आई लव मोहम्मद' विवाद पर दी प्रतिक्रिया

**मुजफ्फरनगर।** आचार्य प्रमोद कृष्णन ने हाल ही में चर्चा में आए 'आई लव मोहम्मद' विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पैगम्बर मोहम्मद के नाम पर दंगा कराना उनकी शिक्षाओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि 'पैगंबर मोहम्मद साहब ने कभी भी हिंसा को उचित नहीं ठहराया। एक बार जब उन पर हमला हुआ और वे लहूलुहान हो गए, तब भी उन्होंने अपने विरोधियों को न बद्दुआ दी और न ही बदला लिया।' आचार्य ने कहा कि 'जहां मोहब्बत है, वहां प्रदर्शन नहीं, और जहां प्रदर्शन है, वहां मोहब्बत नहीं।' उन्होंने यह भी कहा कि पैगंबर मोहम्मद केवल मुसलमानों के ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के हैं, जैसे भगवान श्रीराम केवल हिंदुओं के नहीं, बल्कि सबके हैं।

### हिन्दू-मुस्लिम में नफरत पैदा करने का काम करती है समाजवादी पार्टी

**मुजफ्फरनगर। आचार्य प्रमोद कृष्णन ने समाजवादी पार्टी के रिश्ते आतंकवादियों से होना बताया। उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी अराजकता वाली पार्टी है, जिसके रिश्ते आतंकवादियों से हैं। क्योंकि जब इनकी सरकार होती है, तो अराजकतावादी तत्व और असामाजिक तत्व हावी हो जाते हैं, तो समाजवादी पार्टी तो खुद चाहती है कि उत्तर प्रदेश में हिंदू और मुसलमान में नफरत पैदा हो जाए। उत्तर प्रदेश दंगों की आग में झोंक दिया जाए मुजफ्फरनगर का कांड किसकी सरकार में हुआ? संभल के अंदर जो आज हालात है, इसके बीज तो समाजवादी पार्टी की सरकार में बोए गए। समाजवादी पार्टी का सही विश्लेषण और समाजवादी पार्टी की सही व्याख्या कुमारी बहन मायावती ने करी थी। समाजवादी पार्टी की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा था चढ़ गुंडो की छाती पर मोहर लगाओ हाथी पर।**

### चौकीदार चोर है जनता ने जवाब दिया

**मुजफ्फरनगर।** इन्होंने आरोप लगाया राफेल चोरी तो जनता ने जवाब दिया, इन्होंने अब फिर आरोप लगाया है वोट चोरी का बिहार की जनता जवाब देगी और 2029 में भारत की जनता देगी जवाब देगी, बिहार की जनता जवाब देगी।

### कुछ लोग भारत को हिंदुओं का स्थान कहने से डरते हैं

**मुजफ्फरनगर।** भारत हिंदु स्थान है, भारत को हिंदुस्तान कहते हैं। हिंदुस्तान शब्द ठीक नहीं है, हिंदुस्तान नाम का कोई शब्द नहीं है। शब्द है हिंदू स्थान। तो भारत को कुछ लोग हिंदू स्थान कहने में डरते हैं और मैं आज बहुत गंभीर बात कह रहा हूं कि भारत हिंदू स्थान है। इस हिंदू स्थान में पैदा होने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू है।

## संभल में गिराए जाएंगे 80 मकान और एक मस्जिद, सांसद जियाउर्रहमान बर्क के इलाके में गरजेगा बुलडोजर



**संभल, 07 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। यहां एक के बाद एक अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर प्रहार किया जा रहा है। इससे अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। संभल जिले में राया बुजुर्ग गांव में अवैध मस्जिद और बरात घर के ध्वस्तीकरण के बाद अब जिले की सदर तहसील इलाके में मोहल्ला हातिम सराय के सरकारी तालाब की जमीन पर बने करीब 80 मकानों के साथ मस्जिद पर भी बुलडोजर एक्शन की तैयारी में प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रशासन का कहना है कि भूमाफियाओं ने अनाधिकृत तौर से यहां प्लॉटिंग की है। सभी को नोटिस जारी किया गया है। इन मैप कुछ मकान ऑन पर 26 सितंबर तो वही मस्जिद समय कई निर्माण पर 30 सितंबर को नोटिस चस्पा किए गए हैं। प्रशासन ने सभी से 15 दिनों में जवाब मांगा है। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यदि मस्जिद और अन्य की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं आया तो अवैध समझते हुए बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई जाएगी। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक, यहां सरकारी तालाब है। इसकी जमीन पर करीब 12 साल पहले एक बड़ी मस्जिद का निर्माण कराया गया था, लेकिन जब लेखपाल जांच के लिए पहुंचे तो किसी ने भी मस्जिद निर्माण की जिम्मेदारी या फिर मुतवल्ली होने का दावा नहीं किया। इसके चलते मस्जिद पर भी नोटिस चश्पा कर दिया गया है। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया है कि यदि मस्जिद की ओर से कानूनी और स्वीकृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो तालाब की जमीन पर चाहे मस्जिद हो या कोई भी ढांचा उसे वैधानिक प्रक्रिया के तहत तोड़ा जाएगा। संभल प्रशासन का दावा है कि यह जमीन पहले तालाब के नाम के नाम दर्ज थी। जिस पर भूमाफियाओं ने अवैध रूप से प्लॉटिंग कर भोले-भाले लोगों को बेच दिया। इसमें बिचौलियों और भूमाफियाओं की साठगांठ रही। कई परिवारों ने विश्वास में आकर रुपये भी दिए। तहसीलदार का कहना है कि अवैध कब्जाधारियों को न्याय के दायरे में लाया जाएगा और जिन लोगों को जमीन विक्रय की गई है, उनका भी सत्यापन कराया जाएगा।

## राजौरी में आतंकियों और एसओजी टीम के बीच गोलीबारी, पुलिस-सेना और सीआरपीफ की टीम मौके पर पहुंचीं



**राजोरी, 07 अक्टूबर (एन्जेन्सी)।** जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकियों और एसओजी की टीम के बीच मुठभेड़ हुई है। राजौरी के कंडी पुलिस स्टेशन के बीरंथूब इलाके में आतंकवादियों और एसओजी टीम के बीच गोलीबारी हुई है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टुकड़ियां मौके पर पहुंच गईं हैं और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकी भारी हथियारों से लैस हैं और उन्होंने घने जंगलों वाले दुर्गम पहाड़ी इलाके में पनाह ले रखी है। माना जा रहा है कि उन्हें इस जगह तक पहुंचने में स्थानीय मदद मिली है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को लोकेट कर लिया है और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजी गई है।

## मंत्री दिनेश प्रताप सिंह बोले- पूरी तरह से स्वस्थ हूं



**लखनऊ, 07 अक्तूबर (एजेंसी)।** योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने खुद को स्वस्थ होने का दावा किया। उन्होंने एक्स पर लिखा- मैं स्वस्थ हूं। यह बात सही है कि मुझे थोड़ा सा उपचार और शांतिपूर्ण वातावरण की जरूरत थी, इसलिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अपनी देखरेख में मेरा इलाज करवा रहे हैं। इससे पहले खबर आई थी कि मंत्री को ब्रेन हेमरेज हुआ है। कहा गया था कि 3 अक्टूबर को वह नींद की दवा लेकर सोए थे, सुबह उठे तो उन्हें चलने में तकलीफ हुई। उसके बाद उन्हें 4 अक्टूबर को लखनऊ लाकर भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उनकी एमआरआई जांच की है। इसमें ब्रेन हेमरेज सामने आया है। उनके एक हाथ, एक पैर में इसका असर आया है। पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि मानसिक तनाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी है। हालांकि, मेदांता लखनऊ के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने मेदांता में एडमिट किए जाने के दावे का खंडन किया है। शुभचिंतक से विनम्रतापूर्वक आग्रह है कि मैं स्वस्थ ही नहीं, पूर्णतः स्वस्थ हूं। आप सब बिल्कुल चिंता न करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। यह बात सही है कि मुझे थोड़ा सा उपचार और शांतिपूर्ण वातावरण में जरूरत थी। इसलिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अपनी देखरेख में मेरा इलाज करवा रहे हैं। बस दो-चार दिन में फिर से उसी राजनीतिक अखाड़े में दो-दो हाथ करूंगा और आप सबकी सेवा में उपस्थित रहूंगा। बिहार में पार्टी की सरकार बनाने में अपना तन, मन और धन से योगदान दूंगा। आप सब साक्षी हैं कि कितने अभाव और विपत्तियों को मैंने साहस, धैर्य और विनम्रता से झेलकर यहाँ तक पहुँचा हूँ।

## एपीके ई-चालान भेजकर साइबर ठगी करने वाला पंजाब से गिरफ्तार, 3.78 लाख हड़पे



**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर क्राइम के एपीके ई चालान के सिस्टम से लूट के नए तरीके का खुलासा करते हुए एक आरोपी को पंजाब से धर दबोचा। ये शातिर अपराधी व्हाट्सएप पर 'ई-चालान' की फर्जी एपीके फाइल भेजकर लोगों को ठगने का काम करता था। इसी तरीके से आरोपी ने एक पीड़ित के बैंक खाते से 3.78 लाख रुपये उड़ा लिए थे। पुलिस अधीक्षक (क्राइम) इंदु सिद्धार्थ ने पुलिस लाइन में प्रेस-वार्ता कर जानकारी दी कि, शहर के एक निवासी ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी, जिसे डाउनलोड करते ही उसका फोन हैक हो गया। हैक के तुरंत बाद उसके बैंक खाते से 3.78 लाख रुपये की राशि गायब हो गई। साइबर पुलिस की टीम ने तकनीकी जांच और बैंक ट्रांजेक्शन की गहन पड़ताल के बाद आरोपी को पंजाब में ट्रैक किया और वो पकड़ा गया। आरोपी इंदौर का ही रहने वाला है जो फर्जी खातों से सोना और मोबाइल खरीदा था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने ठगी की गई राशि को फर्जी बैंक खातों के माध्यम से ट्रांसफर किया और फिर उस पैसे का उपयोग सोना और महंगे मोबाइल फोन खरीदने में किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे आगे की पूछताछ जारी है। इस दौरान एसपी इंदु सिद्धार्थ ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात नंबर से भेजे गए एपीके या अन्य किसी भी संदिग्ध फाइल को डाउनलोड न करें, क्योंकि इससे व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा चोरी होने का खतरा रहता है।

### सोना और सामान खरीदता था आरोपी

**मुजफ्फरनगर।** ट्रांसफर किए गए पैसों से वे अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स से सोना और अन्य महंगा सामान खरीद लेते थे। आरोपी गुरप्रीत ने बताया कि वे अभी तक कई लोगों के साथ लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं। साइबर क्राइम पुलिस अब आरोपी के साथी पंकज और इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### क्या है एपीके फाइल से फ्रॉड का तरीका

**मुजफ्फरनगर।** आरोपी लोगों के व्हाट्सएप पर 'ई-चालान' की एपीके फाइल भेजते थे। जैसे ही पीड़ित उस फाइल पर क्लिक करता था, साइबर ठग उनके मोबाइल को हैक कर लेते थे। इसके बाद पीड़ित के बैंक खाते से पैसे निकालकर फर्जी तरीके से खुलवाए गए बैंक खातों में वो पैसे ट्रांसफर करते थे।

### साइबर ठगी से बचने के लिए सावधान रहें: एसपी

**मुजफ्फरनगर।** मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपी गुरप्रीत उर्फ गगन को गिरफ्तार कर लिया। गुरप्रीत मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित महालक्ष्मीनगर, विजयनगर का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में पंजाब के जिरकपुर स्थित टेकटाऊन सोसाइटी में रह रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद किया है। गहन पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी गुरप्रीत ने खुलासा किया कि वह अपने साथी पंकज (निवासी धनबाद) के साथ मिलकर साइबर ठगी का यह अवैध धंधा करता था।

## मीनाक्षी चौक पर विवादित होर्डिंग से तनाव, पुलिस ने हटाया




**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** नगर में वाल्मीकि जयंती के मौके पर शहर के संवेदनशील मीनाक्षी चौक पर मंगलवार को एक विवादित होर्डिंग चर्चाओं का विषय बन गया। हिंदू युवा वाहिनी द्वारा लगाए गए इस होर्डिंग में, मुस्लिम बहुल क्षेत्र मीनाक्षी चौक का नाम बदलकर 'महर्षि वाल्मीकि चौक' के रूप में दर्शाया गया था। यह हरकत क्षेत्र में तत्काल तनाव की वजह बने उससे पहले ही पुलिस ने उसको उतरवा दिया। आई लव विवाद के बाद से जनपद का प्रशासन इस तरह सतर्क हो गया है कि इलाके में इस तरह की हरकतों को लेकर पहले से ज्यादा चौकसी बरती जा रही है। हालांकि इस मामले में वाल्मीकि समाज के नेताओं ने ही इसकी निंदा की और ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना हैं कि, ऐसी हरकतें सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली हैं। प्रशासन को ऐसे दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए, जो जानबूझकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

## पानीपत-खटीमा मार्ग पर बनेगा अंडरपास

### ▶▶ मंत्री अनिल कुमार के प्रयासों से पिन्ना को मिली बड़ी राहत



**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिन्ना के निवासियों का वर्षों पुराना संघर्ष आखिरकार रंग लाया है। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-709एडी) पर पिन्ना गांव के निकट अंडरपास निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। क्षेत्र की जनता के लिए यह एक बड़ी जीत है। इस अहम मांग को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक अनिल कुमार लंबे समय से गंभीरता से उठा रहे थे। ग्रामीणों को राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय लगातार हो रही परेशानियों और सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम को देखते हुए, मंत्री अनिल कुमार ने इस विषय को कई बार शासन और केंद्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाया। उनके अथक प्रयासों और क्षेत्रवासियों की एकजुटता के परिणामस्वरूप अब अंडरपास निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से समूचे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास बनने से अब आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा, जिससे सड़क पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। स्थानीय जनता ने उनकी वर्षों पुरानी माँग को पूरा करने के लिए मंत्री अनिल कुमार और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का हृदय से आभार जताया है, जिन्होंने पिन्ना वासियों को यह बड़ी राहत प्रदान की है।

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए एसपी क्राइम ने किया जागरूक

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने आमजन के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को साइबर ठगी के नए-नए तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनसे बचने के उपाय बताए। एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराधी ओटीपी फ्रॉड, व्हाट्सएप पर फर्जी एपीके फाइलें भेजना, डिजिटल अरेस्ट, क्यूआर कोड स्कैनिंग, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, और फेक कस्टमर केयर कॉल जैसे विभिन्न तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से ओटीपी फ्रॉड के बारे में आगाह करते हुए कहा कि अपराधी बैंक या किसी वित्तीय संस्था का कर्मचारी बनकर कॉल या मैसेज करते हैं और नागरिकों से उनका ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) साझा करवाकर उनके खातों से पैसे निकाल लेते हैं।**

## मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता एक्सप्रेस का विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान तथा आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक करने के लिए चलायी जा रही साइबर जागरूकता एक्सप्रेस वेन द्वारा मंगलवार को जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। यह जागरूकता अभियान जिले के थाना क्षेत्र बुढ़ाना, शाहपुर, छपार एवं नई मण्डी आदि क्षेत्रों में केंद्रित रहा। इस दौरान, वेन पर लगे डिजिटल डिस्पले बोर्ड के माध्यम से मिशन शक्ति एवं साइबर अपराधों से सम्बन्धित जागरूकता संदेशों का लगातार प्रसारण किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित आमजन को ऑनलाइन ठगी, साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, महिला सुरक्षा एवं सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन 1090 और साइबर अपराधों से संबंधित शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे उपयोगी एवं आपातकालीन नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त करने के साथ-साथ आम नागरिकों को तेजी से बढ़ते साइबर खतरों के प्रति सचेत और जागरूक करना है, ताकि वे सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपना सकें।

## पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस में बम धमाका, पटरी से उतरी ट्रेन, सात लोग घायल



**क्वेटा, 07 अक्तूबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस को एक बार फिर बनाया गया निशाना। ट्रेन को टारगेट करते हुए बम धमाका किया गया है। धमाके की वजह से ट्रेन पटरी से उतर गई जिसमें 7 लोग घायल हुए हैं। बम धमाके की जिम्मेदारी बलूच विद्रोही समूह बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने जिम्मेदारी ली है। जिस वक्त ट्रेन को निशाना बनाया गया उस वक्त वह पेशावर की ओर जा रही थी। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी निशाना बनाया गया था और इस ट्रेन को हाईजैक कर लिया गया था। ब्लूच रिपब्लिकन गाड्र्स के प्रवक्ता ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा, "हम शिकारपुर-बीआरजी में जाफर एक्सप्रेस पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी लेते हैं। आज, ब्लूच रिपब्लिकन गाड्र्स के स्वतंत्रता सेनानियों ने शिकारपुर और जैकोबाबाद के बीच स्थित सुल्तान कोट में रिमोट-कंट्रोल आईईडी विस्फोट के साथ जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया। ट्रेन पर उस समय हमला किया गया, जब कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना के जवान उसमें यात्रा कर रहे थे। विस्फोट के कारण कई सैनिक मारे गए और घायल हो गए और ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। बीआरजी इस हमले की जिम्मेदारी लेता है और घोषणा करता है कि बलूचिस्तान की आजादी तक ऐसे ऑपरेशन जारी रहेंगे।" बम धमाके के बाद सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। पटरियों की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया है। विस्फोट सिंध के शिकारपुर जिले में सुल्तान कोट के पास सोमरवाह के नजदीक हुआ है। क्वेटा और पेशावर के बीच चलने वाली जाफर एक्सप्रेस को हाल के महीनों में बार-बार निशाना बनाया गया है। इससे पहले 7 अगस्त को ब्लूचिस्तान के सिबी रेलवे स्टेशन के पास रेलगाड़ी बाल-बाल बच गई थी, जहां पटरी के पास रखा गया बम रेलगाड़ी के गुजरने के तुरंत बाद फट गया था। एक अन्य घटना में 4 अगस्त को कोलपुर के पास बंदूकधारियों ने इंजन को टारगेट करते हुए फायरिंग की थी। ब्लूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान के पेशावर से क्वेटा के बीच चलती है। इसी साल मार्च के महीने पहले इसे ब्लूच लिबरेशन आर्मी ने बंधक बना लिया था। यह घटना पाकिस्तान के रेल इतिहास में गंभीर सुरक्षा चूक और आंतरिक संघर्षों का प्रतीक मानी जाती है। घटना के दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी के हथियारबंद लड़ाकों ने 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बना लिया था। बीएलए से जुड़े विद्रोहियों ने बोलान क्षेत्र में पीरू कुनरी और गुदलार के पहाड़ी इलाकों के पास पटरियों में धमाका कर ट्रेन को रोका था।

## वाहन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत



**बुढ़ाना, 07 अक्टूबर (बु.)। आज मंगलवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के खतौली मार्ग पर स्थित गांव रसूलपुर दभेडी के पास किसी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस की प्रथम जांच में मृतक के मुस्लिम होने की पुष्टि हुई है। उम्र लगभग 42 वर्ष बताई गयी है।**

## दिल्ली-एनसीआर में दूसरे दिन भी जारी रहा बारिश का क्रम

### अभी हवाओं में नर्मी के साथ तापमान में गिरावट जारी



**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। देश के उत्तरी हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के बीच मानसून की धाराएं अब उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों और पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानी इलाकों से पूरी तरह बाहर निकल गई हैं। इसके अलावा गुजरात व वेस्ट यूपी के अधिकांश भागों से भी मानसून की विदाई होने के बीच मानसून की फिर से वेस्ट में वापसी हो रही है। दिल्ली समेत एनसीआर में दूसरे दिन मंगलवार को कई क्षेत्र में रिमझिम बौछारों के बीच बारिश हुई। हालांकि इस बीच बारिश का क्रम धीमा रहा, लेकिन इससे आने वाले दिनों में सर्दी की दस्तक होने की प्रबल संभावना बन गई है। मंगलवार को दिनभर तापमान में गिरावट के साथ ठंडी हवाओं का क्रम जारी रहा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच फिलहाल मानसून वापसी की रेखा पश्चिम में वेरावल से लेकर वेस्ट यूपी तक फैली हुई है। बीते लगभग 10 दिनों से पूर्वी और पश्चिमी दोनों ओर सक्रिय मानसूनी प्रणालियों की वजह से मानसून की आगे की वापसी रुकी हुई थी। हाल ही में देश के उत्तरी और मध्य हिस्सों में हुई असमय लेकिन भारी बारिश जल्द खत्म होने वाली है, जिससे मानसून की वापसी का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस बीच अरब सागर में बना चक्रवाती तूफान कमजोर पड़ गया है। हालांकि अभी इसके अवशेष अगले कुछ दिनों तक पूर्व की ओर बढ़ सकते हैं, लेकिन यह प्रणाली गुजरात और महाराष्ट्र के तटों से काफी दूर रहेगी। कमजोर प्रणाली अगले 2 से 3 दिनों में अरब सागर के गहरे हिस्सों में खत्म हो जाएगी। कहना गलत न होगा कि अगले सप्ताह तक वेस्ट यूपी समेत दिल्ली एनसीआर में गुलाबी ठंडक शुरू होने की संभावना बन गई है।**

